तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 29 अप्रैल 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 11 साल से सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल...



11 डीआरएम ने किया कावरगांव और काकलूर रेलवे स्टेशनों ...



# तीसरे दिन भी पारा 40 डिग्री पर, भीषण गर्मी से लोग हलाकान

## पशिचमी विक्षोभ और द्रोणिका से आ रही नमी, हल्की बारिश के संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर का मैदानी पठार भीषण गर्मी से तपने लगा है पिछले तीन दिनों से पारा 40 डिग्री तक पहुंच गया है। बस्तर में पारा जैसे ही 38 डिग्री पहुंचा तो पहले बारिश होती थी, किंतु पिछले कुछ सालों से इस अवधि में बारिश का प्रभाव कम हो गया है। इसके पीछे बस्तर के जंगलों से लगातार अवैध कटाई बड़ा कारण है। बहरहाल जगदलपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा था। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर अंचल में नमी का आगमन भी जारी है। आज सुबह 67 प्रतिशत आद्रता आंका गया। जबकि शाम होते इसमें 37 प्रतिशत कमी होकर 40 प्रतिशत दर्ज किया गया। ज्यादा मात्रा में नमी से बारिश के आसार होते है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक वायुमण्डल में पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 18 डिग्री उत्तर में स्थित है। साथ ही एक द्रोणिका उत्तर पूर्व झारखंड से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में नमी का आगमन लगातार जारी है।

■ सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा तापमान


फाइल फोटो

### सिस्टम की वजह से आ रही नमी

*मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के अनुसार सिस्टम की वजह से प्रदेश में नमी आ रही है। जिससे प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः चरम उत्तर और चरम दक्षिण रहने की सम्भावना है।*

## खबर संक्षेप

### नक्सल सूचना पर मिलेंगे 5 लाख और सरकारी नौकरी

**जगदलपुर।** जिला सुकमा में सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, कमलोचन कश्यप उप महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा, अरविंद राय उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज सुकमा के मार्गदर्शन एवं किरण चव्हाण पुलिस अधीक्षक सुकमा के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन के तहत नक्सल पीड़ित ग्रामीणों को जागरुक किया जा रहा है। नक्सलियों की सूचना दो इनाम पाओ का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें किसी भी व्यक्ति के द्वारा नक्सलियों की सूचना देकर उन्हें गिरफ्तार कराने अथवा नक्सल अभियान को सफल बनाने सहयोग करने पर सुकमा पुलिस 5 लाख रुपए नकद इनाम के साथ शासकीय नौकरी देगी। वहीं नक्सलियों का आत्मसमर्पण करवाने पर भी नकद इनाम दिया जायेगा।

### थोपे गए लोन पर फोरम ने बैंक को कर्ज माफी का दिया निर्णय

**कांकेर।** खादी ग्रामोद्योग के माध्यम से महिला ने व्यापार के लिए लोन की माँग किया था। पंजाब नेशनल बैंक ने महिला को बिना जानकारी दिए बैंक ने कंपनी को मशीन के लिए 2 लाख रूपएं का ट्रांसफर कर दिया। पीड़िता को बैंक का नोटिस मिला, तब पता चला। पीड़िता महिला ने बैंक के अधिकारियों से बात किया, परंतु सकारात्मक जवाब नहीं मिला। पीड़िता ने उपभोक्ता फोरम में अपील किया, जहाँ से आयोग ने बैक को कर्ज को माफ करने का निर्णय दिया। विकासखंड नरहरपुर के ग्राम उमरादाह निवासी मनकेसरी पटेल पति श्रवण कुमार पटेल ने सीमेंट ईट बनाने संबंधी कार्य के लिए प्रधानमंत्री स्वरोज़गार योजना एवं खादी ग्रामोद्योग के तहत लोन के लिए आवेदन किया था, जिस पर उसे पंजाब नेशनल बैंक शाखा काँकेर के द्वारा ऋण स्वीकृत किए जाने के लिए आमंत्रित किया गया था। बैंक में उपभोक्ता को लोन, सब्सिडी, ब्याज आदि के विषय में कुछ भी नहीं बताया गया और सीधे-सीधे लोन दर्शा दिया गया। लोन संबंधी औपचारिकताएं पूरी भी नहीं हुई थीं और फरियादी द्वारा कोई मार्जिन मनी भी जमा नहीं किया गया था, अचानक 28 जुलाई 2019 को हाथों हाथ एक नोटिस भी थमा दिया गया, जिसमें 67, 000 रूपएं तत्काल जमा करने अन्यथा क़ानूनी कार्यवाही की जाने का उल्लेख किया गया।

### लोस चुनाव के परिणामों के लिए 38 दिनों की प्रतीक्षा

**कांकेर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शामिल कांकेर लोकसभा का शुक्रवार 26 अप्रैल को मतदान करा लिया गया है। लोकसभा के 76.23 फीसदी यानी कुल 1446247 मतदाताओं ने मतदान कर अपना अगला सांसद चुन लिया है। मतदान के निपटते ही अब जीत-हार के कयास लगने शुरू हो गए हैं। राजनीतिक दलों के साथ ही आमजन भी अब अपनी राय देने में लगे हुए है, यहाँ तक प्रत्याशी की जीत पर भाव भी लगना शुरू हो गया है। सात चरण में चुनाव हो जाने के बाद ही 4 जून को मतगणना होगी, तभी सही तस्वीर सामने आएगी। मतदाताओं को परिणाम के लिए 38 दिनों का इंतजार करना पड़ेगा, इधर मतदान होने के बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा कर प्रेक्षक व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सील कर दिया गया है। प्रशासन के साथ ही अर्द्धसैनिक सुरक्षा बलों की टीमें भी स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और निगरानी में लगा दी गई है।

सुरक्षा बलों ने स्ट्रांग रूम को चारों तरफ से घेराबंदी कर दिया और कोई परिंदा पर नहीं मार सकता। इसके अलाक राजनैतिक दल भी अपने कार्यकर्ताओं को ईव्हीएम की निगरानी के लिए स्ट्रांग रूम के बाहर तैनात कर सकते है।

## निर्णय : भवन निर्माण सामग्री सड़क किनारे रखने पर होगी कड़ी कार्रवाई

# सड़क पर कचरा फेंकनेंवालों की खैर नहीं, लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लोकसभा चुनाव के चलते नगर निगम अमला चुनाव ड्यूटी में व्यस्त रहा। निगम आयुक्त के चुनाव ड्यूटी में व्यस्तता के चलते सफाई अमले में सम्मलित अधिकारी-कर्मचारी इसका बेजा लाभ उठाते सफाई कार्य में लापरवाही बरत रहे थे। जिसका प्रतिकूल असर शहर में हर वार्ड के गली, मोहल्लों में पड़े कचरा का अंबार देख सहजता से अंदाज लगाया जा सकता है। स्वच्छता अमले की लापरवाही का फायदा शहर के लापरवाह लोगों ने भी उठाया। निगम आयुक्त हरेश मण्डावी शहर में जगह-जगह जाम गंदगी को संज्ञान में लेकर स्वच्छता अमला की क्लास ली और सफाई के निर्देश दिए। उनके मुताबिक शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। सड़क पर कचरा फेंकने वालों से जुर्माना वसूला जाएगा। उन्होंने शहर के प्रत्येक नागरिकों, युवाओं, बुजुर्गजनों से अपील करते कहा शहर आपका है इसे सुंदर रखना आपका दायित्व है। निगम का स्वच्छता अमला लगातार सफाई को लेकर प्रयासरत है। लेकिन जब तक आमजनों की भागादारी सुनिश्चित नहीं होगी किसी भी कार्य को अंजाम तक नहीं पहुंचाया जा सकता। अनेक वार्ड के कालोनियों में भवन निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी है। निर्माण के दौरान दीवार से निकला कचरा सीमेंट रेत का डस्ट, ठेकेदार के श्रमिक कालोनी के खाली जगह में फेंक पूरे कालोनी को प्रदूषित कर रहे है। इस पर सख्त रोक लगाने की आवश्यकता है। साथ ही आवास निर्माण के दौरान भवन निर्माण सामग्री रेत, ईंट, गिट्टी सड़क किनारे रखा जाता है, जिससे आवागमन व्यवस्था बाधित हो रही है।

■ चौक-चौराहों और गली-मोहल्ले में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, ऑटो में कचरा डालने की अपील


फाइल फोटो

### चलेगा अभियान लापरवाह बख्शे नहीं जाएंगे

नगर निगम शीघ्र शहर में स्वच्छता अभियान चलाएगा। इस दौरान जिस मकान व दुकान के सामने कचरा पाया जाएगा उनसे जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही सड़क किनारे रखा भवन निर्माण सामग्री पाई जाती है तो उसे जब्त की जाएगी। कालोनियों में डस्ट फैलाने वाले मकान मालिकों से जुर्माना वसूला जाएगा। जुर्माना राशि से मलबा की सफाई की जाएगी।

- **हरेश मंडावी,** नगर निगम आयुक्त

# बिजली सुधार कार्य में ग्रामीणों ने किया सहयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के मांदर के गोठीमांदर पारा में विद्युत तार व खंभा सुधारने का काम रविवार को किया गया। मेन लाइन का खंभा टूटा हुआ था। विद्युत विभाग से संपर्क करने पर पता चला कि ठेकेदार को खंभा गड़वाने का काम दिया गया है लेकिन ठेकेदार व विद्युत विभाग की उदासीनता के चलते गांव में विद्युत पोल नहीं गड़ा है। गड्ढा खुदाई के लिए जेसीबी व ट्रैक्टर की सुविधा नहीं होने से भी काम में देरी हो रही है। ग्राम मांदर के ग्रामीणों ने बिजली विभाग के लोगों के पहुंचने पर उनके काम में सहयोग किया। इस मौके पर गांव पहुंचे विधायक विनायक गोयल ने फोन पर विद्युत विभाग के अधिकारी से चर्चा कर जल्द सभी गांव में बिजली पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले सोमवार से आंधी तूफान के कारण गांव की बिजली व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई है, लोग अंधेरे में रात गुजार रहे हैं।

■ मांदर में सातवें दिन पहुंचा बिजली विभाग

# दुर्गूकोंदल ब्लाक के तरहुल में सर्वाधिक 88.92, हिलचूर में सबसे कम 58.59 प्रतिशत मतदान

**दुर्गूकोंदल।** लोकसभा चुनाव 2024 में विकासखंड दुर्गूकोदल के अंतर्गत संवेदनशील मतदान केंद्रो में भी 70 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। विकासखंड में कुल मतदाता 46927, जिसमें पुरुष 23096 और महिला 23831 मतदाता है। विकासखंड में 33852 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 16087 यानी 72.13 प्रतिशत पुरूष और 17765 यानी 74.54 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। महिला मतदान करने में पुरूषों से आगे रही। मतदान केंद्रो पर उपस्थित प्रत्याशियों के एजेंटो से मिली जानकारी के तहत विकासखंड दुर्गूकोंदल के मतदान केंद्र तराईघोटिया 80.03 %, नागहूर 74.28 %, दमकसा 73.77 %, हिलचूर 58.59 %, लोहत्तर (अ) 75.29 %, लोहत्तर (ब) 71.94 %, जाड़ेकूर्से 77.42 %, परभेली 78.98 %, गुदुम 69.15 %, धनवाफूलचूर 68.39 %, कराकी 79.84 %, कोंडरूंज 82.28 %, गोंडपाल 64.44 %, ओटेकसा 74.72 %, कोड़ेकूर्से 78.12 %, चाउरगांव 86.70 %, करकापाल 76.86 %, मंगहूर 70.35 %, दौड़देकादर 67.93 %, चिखली 71.95 %, एनहूर 73.00 %, हामतवही 78.15 %, गुमड़ीडीही 68.13 %, कोंडे 81.05 %, आंधेवाड़ा 75.89 %, साधुमिचगांव 73.41 %, सुरुंगदोह 78.59 %, भुसकी 71.81 %, हानपतरी 71.86 %, आमगढ़ 76.47 %, चिहरो 76.75 %, पेड़ावारी 73.59 %, गुलालबोडी 69.55 %, बरहेली 69.49 %, तरहुल 88.92 %, डुवा 80.83 %, कलंगपूरी 78.70 %, सिवनी 87.24 %, झिटकाटोला 82.40 %, तमोडा 76.85 %, हाटकोंदल (अ) 79.38 %, हाटकोंदल B 79.83%, कालागांव 73.04 %, राउरवाही (अ) 79.19 % राउरवाही B 80.49%, आमाकड़ा 75.17 %, डांगरा (अ) 76.10%, डांगरा ब 69.67 %, दुर्गूकोंदल 67.93 %, खुटगांव 74.02 %, हाहालद्दी 74.54 %, कर्रामाड 69.23 %, मदले 72.93 %, मेड़ो 74.03 %, सिहारी 71.25 %, सराधूघमरे 72.86 %, कोपाकटेल 73.46 %, पाउरखेड़ा 75.43 %, कोदपाखा 74 %, सुखई 78.17 %, भीरावही 78.46 %, पर्रेकोड़ो 68.27 % मतदान हुआ। भानुप्रतापपुर विधानसभा में दुर्गूकोंदल की जनता कौन सी पार्टी को बढ़त दिलाती है, क्योंकि भानुप्रतापपुर विधानसभा में वर्तमान में कांग्रेस से विधायक है। भाजपा व कांग्रेस के नेताओं की धड़कने बढ़ना शुरू हो गई और एक-एक मतदान केंद्र से जायजा ले रहे है। 34 दिन बाद 4 जून को ही स्पष्ट हो पाएगा कि इस विकासखंड में किसको बढ़त मिली।



# बिजली ऑपरेटरों को दो माह से वेतन नहीं, परिवार चलाना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विद्युत विभाग के ग्रामीण और शहरी सब स्टेशन ऑपरेटरों को 2 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण आगामी 1 मई से अनिश्चितकालीन काम बंद किया जाएगा। जिससे विद्युत आपूर्ति चरमरा जाएगी। इस दौरान कर्मियों ने सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि विगत फरवरी और मार्च का वेतन निविदा कंपनी जेबीएस इंटरप्राईजेस मुम्बई ठाणे से अप्राप्त है। वेतन संबंधी जानकारी के लिए जब भी कंपनी के सुपरवाइजर शिव तिवारी से संपर्क किया गया उनकी ओर से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है। 2 माह से वेतन कर्मचारियों को नहीं मिलने से वे कार्यस्थल में ड्यूटी आने तक का खर्चा वहन नहीं कर पा रहे हैं। परिवार का जीवन यापन भी नहीं हो रहा है। कर्मचारी आर्थिक और मानसिक समस्या का सामना कर रहे है। इसी समस्याओं के मद्देनजर बस्तर जिले के समस्त शहरी और ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र परिचालकों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि आगामी 30 अप्रैल तक एक मुश्त फरवरी और मार्च माह का वेतन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा तो 1 मई से अनिश्चितकालीन काम बंद करने के लिए बाध्य होंगे।

■ 1 मई से अनिश्चितकालीन काम बंद की चेतावनी, एसई को ज्ञापन

# गर्मी में शीतल पेय की मांग बढ़ी नकली कोलड्रिंक से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

गर्मी के आते ही दुकानों में कई ब्रांड के कई कोलड्रिंक बाजार में उपलब्ध हो जाते है। गर्मी के मौसम में कोलड्रिंक की बिक्री भी बढ़ जाती है, लोग बिना जांच के पीना शुरू कर देते है। बिना जांच के पीते है तो अब सजग हो जाएं, क्योकि अब नकली कोल ड्रिंक भी बिकना शुरू हो गया है। खाद्य विभाग की टीम अभी तक नकली कोल ड्रिंक की जाँच के लिए नहीं निकली है। जिलाभर में कम समय में अधिक पैसा कमाने के लिए कई कंपनियाँ अलग तरीकों से टैक्स चोरी कर नकली कोल ड्रिंक बनाना शुरू कर दिया है, जिसमें सही तरीकों से जानकारी नही दी रहती है। यह कोलड्रिंक अब शहर में भी बिकना शुरू हो गए है, जो कम दाम में धड़ल्ले से बिक रहे है वहीं कोल ड्रिंक पीने वाले भी यह पता नहीं कर पा रहे है कि उनके द्वारा पिया जा रहा कोलड्रिंक सही तरीकों से बना हुआ है या फिर नकली। कई कोलड्रिंक में किसी तरह का लेबल भी नहीं लगा रहता है। खाद्य विभाग की टीम अभी तक नकली कोलड्रिंक की जाँच के लिए नहीं निकली है। ग्रामीण ईलाके में कई दुकानों पर कोलड्रिंक एक्सपायरी हो जाता है तो लेबल हटाकर बेंच देते है। ऐसे दुकानदारों पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कोलड्रिंक का स्टाक ज्यादा नहीं रहता है, इसलिए जाँच अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं जाते है। दुकानों मे ज्यादा मात्रा में नहीं मिलने पर कड़ी कार्यवाही नहीं हो पाती है।



## शहर में 9 दिन से चले रहे धार्मिक आयोजन में पहुंच रहे श्रद्धालु

# अनिष्ट करने की दृष्टि से कोई महापुरुष श्राप नहीं दे सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रवचन के नवमें दिन दिव्य दार्शनिक प्रवचन जगद्गुरु कृपालु महाराज की कृपा प्राप्त प्रचारिका श्रीश्वरी देवी ने महापुरुष की पहचान के बारे में बताते हुए कहा कि वास्तविक महापुरुष कभी भी किसी को संसार का सामान नहीं देते। महापुरुष जानते हैं ये संसार नशा पैदा करता है, अहंकार पैदा करता है जो अहंकार जीव को ईश्वर से विमुख कर देता है। जैसे हितेशी माता पिता अपने पुत्र को जहर पीते नहीं देख सकते उसी प्रकार महापुरुष भी जीव का पतन होते नहीं देख सकते। महापुरुष रिद्धि-सिद्धि के चमत्कार भी नहीं दिखाते, अपितु जो बाबा लोग इन सिद्धियों का चमत्कार दिखा कर लोगों को भरमाते हैं वो नरकीय लोकों को प्राप्त होते हैं। भागवत में भगवान अपने श्री मुख से स्वयं कहते है कि जो मुझसे प्रेम करते है वो रिद्धि-सिद्धि के चमत्कार इत्यादि के चक्कर में कभी नहीं पड़ते। मेरे वास्तविक भक्त तो ये रिद्धि-सिद्धि देने पर भी ठुकरा देते हैं। वास्तविक महापुरुष श्राप नहीं देते महापुरुषों का हृदय तो इतना कोमल होता है कि जो उनका अहित करते हैं उनका भी वो हित ही सोचते हैं। अतएव अनिष्ट करने के दृष्टिकोण से कोई महापुरुष श्राप नहीं दे सकता। इसी प्रकार से वास्तविक महापुरुष आशीर्वाद भी नहीं देते। बिना शरणागति के बिना साधना के कोई भी महापुरुष किसी जीव को आशीर्वाद नहीं दे सकता।

■ भगवान के वास्तविक भक्त रिद्धि-सिद्धि देने पर भी ठुकरा देते हैं



### संत के सांनिध्य में करनी होगी साधना

सर्वप्रथम जीव को किसी वास्तविक संत की पूर्ण शरणागति करनी होगी और उनके सानिध्य में रहकर ही साधना करनी होगी, साधना करते-करते जब अंतःकरण पूर्ण शुद्ध हो जायेगा तब वही महापुरुष हमें आशीर्वाद देंगे अर्थात कृपा करेंगे और तत्काल हमें ईश्वर की प्राप्ति हो जायेगी। इसी को दीक्षा देना कहा गया है, शास्त्रों में अर्थात वास्तविक महापुरुष अंतःकरण की शुद्धि के पश्चात ही जीव को दीक्षा देता है। वास्तविक महापुरुष की अंतिम पहचान बताते हुए पूज्य दीदी ने कहा कि उनका संग करने से संसार से वैराग्य और ईश्वर में अनुराग अपने आप बढ़ने लगता है।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**जगदलपुर**
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

**नारायणपुर**
मो. 9407740955, 9131893124

**कोण्डागांव**
मो. 7000312486, 9131893124

**सुकमा**
मो. 9425260296, 9131893124

**दंतेवाड़ा**
मो. 9425592636, 9131893124

**बीजापुर**
मो. 9131893124

**खबर संक्षेप**

## रोटरी क्लब ने स्कूल को थाली भेंट की

**धमतरी।** 18 अप्रैल बुधवार को रोटरी क्लब धमतरी तथा इनर व्हील क्लब धमतरी के द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, कुकरेल में भोजन की थाली का वितरण किया गया। वितरण रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट अजय गोयल तथा इनरव्हील क्लब की प्रेसिडेंट श्रीमती पायल गोयल और सदस्य अमित जायसवाल, आशीष गोयल, माला महावर के हाथों किया गया।

## दरबा में मनी बाबा साहेब आंबेडकर जयंती

**जीजामगांव।** दरबा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की धूमधाम से जयंती मनाई गई। भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाबा साहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा थे जिन्होंने शोषित और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर कन्हैया रात्रे, रामकिशन बंजारे, पुरषोत्तम साहू जनपद सदस्य, पिलेश भारती, मनोज चेलक, हरीश कोसले, तुषार लहरे, डिकेश भारती, भीमन टंडन, प्रवीण कोसले, प्रताप लहरे, मोहित आडिल, आनंद बंजारे, रोशन भारती, रोहित कोसले, प्रकाश कोसले, कीर्तन भारती, विजय कोसले, मयंक बंजारे, सुरुज भारती, शाम बाई, संतोषी बंजारे, प्राब्ति कोशले, जमना रात्रे, गौरी कोसरे, कलाबाई, भारती, संगीता लहरे, बिशाखा भारती, कीर्ति भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## एलकेजी के पोर्टल बन्द होने से पालकों में रोष

**मगरलोड।** 10 अप्रैल से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुका हैं। मगरलोड भैसमुंडी में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में एलकेजी का पोर्टल बन्द है, इससे पालक इन कक्षा के लिए आवेदन नही कर पा रहे हैं। 2022 में यहां आत्मानंद स्कूल संचालित है जहां एलकेजी क्लास में प्रवेश दी जाती थी इस वर्ष एलकेजी की पोर्टल बन्द होने से पालकों में असमंज है कि कहीं एलकेजी क्लास बन्द न हो जाये। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम स्कूलों में एलकेजी क्लास बन्द कर दी है ।वही इसका कारण फंड की कमी बताई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि 50 प्रतिशत रिक्त सीट में से प्रवेश और गरीबी रेखा के छात्र छात्राओं के लिए दर्ज संख्या के आधार पर 25 प्रतिशत लेना होता है। एलकेजी क्लास की पोर्टल बन्द होने से आवेदन करने वाले पालकों में रोष व्याप्त हैं। सत्र 2024-25 प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई तक किया जाएगा। इस बार पालकों को एक ही स्कूल में आवेदन करना होगा । ब्लॉक में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल में एलकेजी पोर्टल बन्द होने से पालक आवेदन करने में वंचित हो रहे हैं। जल्द से जल्द एलकेजी की क्लास संचालित करना चाहिए। प्राचार्य ने बताया कि एलकेजी की पोर्टल नही खुल रहा है।जिले में एलकेजी क्लास फंड के अभाव में बन्द कर दी है। बैठक में जानकारी दी गई है। आदेश भी है।

### विडंबना : परिवार का मुखिया भी हो गया गुम

# 11 साल से सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रहा है एक परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

धनोरा के ग्राम चनिया गांव के एक परिवार का समाज ने वर्ष 2013 से बहिष्कार किया है। किसी भी सामाजिक कार्य उन्हें नहीं बुलाया जाता है। परिवार के दुखों का यही नहीं होता अंत अब फिर से एक माह से परिवार का मुखिया लापता हो गया है। मुखिया के लापता होने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी, बच्चे और उनके दादा की रो–रो कर आंखें भी सूख चुकी है अगर कुछ बचा है तो वह पुलिस को दिया आवेदन।


परिवार

### यह है पूरा मामला

सतऊ राम 28 3.2024 से एक शादी समारोह में गया तो आज तक घर नहीं लौटा पत्नी रजोन बाई और उनके चार बेटे संजू कुंजम संजय कुंजाम संदीप कुंजाम और सनित कुंजाम ने बताया कि हमारा पिता सतऊ राम झाड़ फूंक करता था। जिसके चलते समाज के लोगों ने हमारे परिवार का सामाजिक बहिष्कार वर्ष 2013 से कर दिया है। फिर भी हम जैसे तैसे रह रहे थे। हमारे पिता 28 मार्च 2024 को गांव के ही एक शादी समारोह में गए थे और आज तक वापस घर नहीं लौटे हैं। हमें चिंता है किसी अनहोनी की, जिसका आवेदन हमने पुलिस थाना धनोरा में दिया है


गुम सतऊ राम

मगर अब तक कोई पता नहीं चला है। सरपंच अघनु राम गुमशुदगी की रिपोर्ट हमने थाना धनोरा में कर दी है। सामाजिक बहिष्कार क्यों किया गया है यह मेरी जानकारी में नहीं है। यशवंत श्याम थाना प्रभारी धनोरा सतऊ राम की रिपोर्ट दर्ज हुई है चुनाव कर में व्यस्त थे जल्द ही पता लगा लिया जाएगा हम इस पर जांच कर रहे है।

# मतदान सामग्री को स्ट्रांग रूम में किया गया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/केशकाल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कांकेर लोकसभा क्षेत्र के तहत केशकाल विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई मतदान सामग्री को शुक्रवार को देर रात स्ट्रांग रुम में सील कर दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार सहित अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शहीद गुण्डाधूर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में स्थित भवन में मतदान सामग्री को सील कर दिया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने स्ट्रांग रुम की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि पूरा परिसर तीन स्तरीय सुरक्षा के दायरे में है। यहां कमरों में रखे गए मतदान सामग्री रखने के लिए उपयोग में लाए गए कक्षों के साथ ही पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अवलोकन के लिए महाविद्यालय द्वार पर स्क्रीन लगाई गई है। अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि लगातार उस पर नजर रख सकते हैं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय उरांव, सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी अंकित चौहान सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

- केशकाल विधानसभा क्षेत्र के लिए लाई गई थी उपयोग में

बारिश में घुटनों तक कीचड़ और गर्मी में धूल से रहते हैं परेशान

# थोक सब्जी मंडी के व्यापारियों ने प्रशासन से मांगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

श्यामतराई थोक सब्जी मंडी की वर्षों पुरानी बुनियादी समस्याओं का हल नहीं हो सका है। यहां व्यापार करने वाले व्यापारी और ग्राहक जैसे-तैसे समय निकाल रहे हैं। हर मामले पर उन्हें समझौता करना पड़ता है। इतवारी बाजार से स्थानांतरित हुए उन्हें 10 साल हो गए हैं फिर भी उन्हें सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। व्यापारी अशोक पटेल, रामू वाधवानी, रमेश चुंगानी, प्रीतम सोनकर, राजेश गंगवानी, कांशीराम सोनकर, विकासराव कृदत्त ने बताया कि 10 वर्ष पहले तत्कालीन कलेक्टर भीमसिंह के अनुरोध पर सभी थोक सब्जी व्यापारी इतवारी बाजार से श्यामतराई कृषि उपज मंडी में शिफ्ट हुए थे। उस समय सभी तरह की सुविधाएं देने का आश्वासन मिला था लेकिन अभी तक नहीं मिली। वर्तमान में यहां 30 दुकानें संचालित हैं। 2014 में जब शिफ्ट हुए थे तब यहां



तीन फीट गड्ढा था जिसे व्यापारियों द्वारा पाटा गया। सुरक्षा के व्यापक प्रबंध नहीं होने के कारण चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। यहां लावारिश मवेशी विचरण करते हैं जो सब्जियों को नुकसान पहुंचाते हैं। परिसर का कांक्रीटीकरण नहीं हुआ है जिसकी वजह से बारिश के दिनों में घुटनों तक कीचड़ रहता है। गर्मी के दिनों में धूल से वे परेशान रहते हैं। दुकानों का एग्रीमेंट अभी तक नहीं हुआ है जबकि शुल्क वे नियमित रूप से पटाते आ रहे हैं। व्यापारियों के साथ-साथ ग्राहकों को भी परेशानी होती है। परिसर में रोजाना 1000 वाहनों का आना-जाना रहता है। पार्किंग के अभाव में वाहन अस्त-व्यस्त खड़े रहते हैं। वाहनों की चोरी होने की शिकायतें बढ़ी हैं।

कोच लक्ष्मण लाल साहू के मार्गदर्शन में खेल रहे खिलाड़ी

# नेशनल कुश्ती में छग के पहलवानों का दबदबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

वाराणसी में चल रहे सीनियर नेशनल कुश्ती फेडरेशन कप में छत्तीसगढ़ के पहलवानों ने पूरे भारत में अपना दबदबा बनाया और पदकों की झड़ी लगा दी। टीम के कोच लक्ष्मणलाल साहू पहलवान धमतरी जिला कुश्ती अध्यक्ष और खेलो इंडिया स्माल सेंटर के कोच विकास सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्रेको रोमन सत्येल 55 किलो में मनु यादव, 60 किलो में अभिषेक निषाद, 72 कोलो में अनीश सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं सत्येंद्र यादव ने रजत पदक जीता। 86 किग्रा फ्री स्टीइल में विजेंद्र पाल ने कांस्य पदक अपने नाम किया। लक्ष्मण लाल ने पहलवानों की हौसला अफजाई के लिए मनु यादव और अभिषेक निषाद को 5-5 केजी बादाम दिया।

# छात्राओं ने कॉलेज में बिताए सुनहरे पलों को किया याद

- गर्ल्स कालेज में एमए चतुर्थ सेमेस्टर एवं पीजीडीसीए की छात्राओं को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

शासकीय एनआरएम कन्या महाविद्यालय धमतरी में एमए द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा एमए चतुर्थ सेमेस्टर एवं पीजीडीसीए की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा पूजा, तब्बू, गायत्री एवं प्रियंका ने कॉलेज में बिताए पल को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किए। छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मिस टैलेन्टेड तब्बू पटेल, मिस फेयरवेल पूजा, मिस ब्यूटी प्रियंका सोनी को चुना गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने करते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. रोहिणी मरकाम, ओपी चंदे, डॉ. सीएस बांधे, हुकेश मारकण्डेय, दामिनी ठाकुर, पूर्णिमा साहू, सुषमा साहू, गीतांजलि साहू, डीपी गोस्वामी, पुरूषोत्तम नाग, रमेश्वर घोघरे, सुकमन नेताम, हर्ष यादव, रेवती साहू समेत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अंजु एवं विनीता ने किया।

# गोकुलपुर वार्ड में जल संकट गहराया

**अखाड़ा के पास का मोटरपंप एक माह से खराब, पानी के लिए भटक रहे वार्डवासी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

विगत एक माह से गोकुलपुर वार्ड के अखाड़ा के पास का मोटरपंप खराब है। इससे ठाकुरपारा, भटगांव रोड वार्ड के लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। पार्षद से लेकर निगम तक चक्कर लगाने के बाद भी पेयजल की समस्या बनी हुई है। कभी-कभी आसपास के लोगों से पानी मिल जाता है नहीं तो दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है। वार्ड के बिहारी साहू, बाबूलाल साहू, कांशी साहू, शिवाजी साहू, भेदू प्रसाद साहू ने बताया कि महीने भर से मोटर खराब है पर पार्षद से लेकर निगम तक कोई सुनने वाला नहीं है।



वार्ड की आशा साहू, सुराज बाई यादव, कलिंद्री साहू, शिवकुमारी साहू, कलाबाई साहू ने बताया कि पानी की समस्या के कारण रोज दूसरों के घर से पानी मांगना पड़ रहा है। इससे काम में जाने में परेशानी हो रही है। वार्ड के लोगों ने बताया कि अब सब्र की सीमा खत्म हो चुकी है। वार्डवासियों ने पानी की समस्या का निदान नहीं होने पर निगम दफ्तर, कलेक्टोरेट घेराव की चेतावनी दी है।

### चुनाव के पूर्व सुरक्षा बलों ने नक्सल क्षेत्र में की थी सर्चिंग

# तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण हुआ चुनाव



- जिले में कहीं भी अप्रिय घटना सामने नहीं आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

जिले के बूथों में पुलिस व सुरक्षा बलों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान के दौरान जिले में कहीं भी अप्रिय घटना सामने नहीं आई है।

लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव के लिए जिले के 753 पोलिंग बूथ में शुक्रवार को मतदान किया गया। महासमुंद व कांकेर लोकसभा चुनाव के लिए जिले के लोगों ने स्वतंत्र, निर्भीक व निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले के सभी पोलिंग बूथ में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने एएसपी, डीएसपी, थाना व चौकी प्रभारियों को लगातार पेट्रोलिंग कर सतत नजर रखने के लिए निर्देशित किया था। चुनाव संपन्न कराने पुलिस, नगर सैनिक, कोटवार व वन विभाग से पर्याप्त बल तैनात किया गया था। वहीं चुनाव ड्यूटी पर बाहर से पहुंची सीएपीएफ की कंपनी व जिले में पहले से मौजूद सीआरपीएफ की दो कंपनी को सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात किया गया। वहीं सीएपीएफ, सीआरपीएफ, डीआरजी एवं पुलिस बलों द्वारा चुनाव से पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्र की लगातार सर्चिंग की गई थी। इसी तरह शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा जिले के तीनों अनुभाग में पेट्रोलिंग के साथ फ्लैग मार्च किया गया था। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिले के मतदान केन्द्रों को सामान्य व क्रिटिकल दो भाग में बांटा गया था जिसमें पर्याप्त सुरक्षा बल लगाया गया था जिन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में एएसपी, डीएसपी, थाना व चौकी प्रभारी, पुलिस जवानों व सीएपीएफ तथा सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान सहित जिला पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

**एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का माना आभार**

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने लोकसभा निर्वाचन कार्य में ड्यूटी पर लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सफलता व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने हर्ष व्यक्त किया है। साथ ही उनका आभार माना है।

# बेंगलुरू से मतदान करने मुजगहन धमतरी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित गायत्री आरोग्यम के प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक ग्राम मुजगहन निवासी डॉ दिनेश नाग के पुत्र वासुदेव नाग का पहली बार जब मतदाता सूची में शामिल हुआ तो वह बहुत खुश हुआ। वह बेंगलुरू में रहकर बीएएमएम मेडिकल के चौथे वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। 26 अप्रैल को उसके जीवन का पहली बार मतदान करने का अवसर आया तो वह अपने आपको रोक नहीं पाया। ट्रेन में जब उसको टिकट नहीं मिला तो फ्लाइट से बेंगलूरू से आकर मुजगहन के आदर्श मतदान केन्द्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

- श्री गायत्री आरोग्यम के संचालक डॉ दिनेश नाग के पुत्र वासुदेव ने पहली बार डाला वोट



**खबर संक्षेप**

### अधिकतम तापमान में गिरावट के आसार

**धमतरी।** मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। आगामी दो दिनों में तापमान 1 से 3 डिग्री तक गिर सकता है। इसके बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री वृद्धि होगी। शनिवार को सुबह आसमान पर बादल छाये रहे। दोपहर आते तक तेज धूप पड़ने लगी। अधिकतम तापमान 40 डिग्री पर रहा। रविवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर अंधड़ के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण छत्तीसगढ़ तथा इसके आसपास के क्षेत्र में एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। यह समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर मौजूद है। वहीं एक द्रोणिका मराठवाड़ा से मध्य महाराष्ट्र तथा आंतरिक कर्नाटक होते हुए उत्तरी तमिलनाडु तक 1.5 किमी की ऊंचाई पर फैली हुई है। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। वहीं प्रदेश के एक दो स्थानों पर अंधड़ चलने, गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी दी गई है।

### साहू समाज मनाएगा भामाशाह जयंती 29 को

**कुरूद।** तहसील साहू समाज द्वारा 29 अप्रैल को भामाशाह जयंती का आयोजन पुराना कृषि उपज मंडी कुरूद में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 9 बजे चंडी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकालकर किया जायेगा। शोभायात्रा थाना चौक, पुराना बाजार चौक, सरोजनी चौक, कारगिल चौक होते हुए पुराना मंडी प्रांगण पहुंचेगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव होंगे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, नगर पंचायत कुरूद अध्यक्ष तपन चंद्राकर, जनपद पंचायत कुरूद अध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मालकराम साहू, चितरंजन साहू, जिला पंचायत धमतरी सदस्य सुमन साहू, प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू, नगर पंचायत कुरूद उपाध्यक्ष मंजू प्रमोद साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रघुनंदन साहू होंगे।

विभिन्न स्टेशनों के फ्रंटलाइन कर्मचारियों के साथ बातचीत की

# डीआरएम ने किया कावरगांव और काकलूर रेलवे स्टेशनों के मध्य पुल की सुरक्षा की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- वाईजेक से वरिष्ठ मण्डल अधिकारियों के साथ पहुंचे

मंडल रेल प्रबंधक सौरभ प्रसाद ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दंतेवाड़ा, जगदलपुर, जैपुर और कोरापुट स्टेशनों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे विभिन्न सुरक्षा नियमों के अनुपालन और नियोजित रेलवे कर्मचारियों की योग्यता की जांच करने के लिए किरंदुल-कोरापुट खंड में कावरगांव और काकलूर रेलवे स्टेशनों के बीच पुल पर मंडल सुरक्षा ऑडिट किया। स्टेशनों पर डीआरएम ने सेक्शन में डबल लाइन कार्यों के संबंध में विकासात्मक गतिविधियों का जायजा लिया। डीआरएम ने पुल के रख-रखाव, सुरक्षा पहलुओं की जांच करने के लिए डिलमिली-सिलक जोड़ी के बीच रेलवे पुल का सुरक्षा निरीक्षण किया और साइट पर गैंग मैन के साथ बातचीत की। उन्होंने गैंग मैनों के रख-रखाव कौशल और सुरक्षा पर उनके कामकाजी ज्ञान का परीक्षण किया और उनकी शिकायतों को ध्यान से सुना। ओवरहेड उपकरण (ओएचई), पॉइंट और क्रॉसिंग, ट्रैक सर्किट इत्यादि से संबंधित विभिन्न सुरक्षा वस्तुओं के अनुपालन की जांच करने के लिए दंतेवाड़ा स्टेशन यार्ड में सुरक्षा ऑडिट भी आयोजित किया गया। डीआरएम ने यार्ड लेआउट, ट्रैक और सिग्नलिंग सिस्टम से संबंधित विभिन्न सुरक्षा वस्तुओं का निरीक्षण किया। स्टेशन यार्ड में उन्होंने सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूकता जानने के लिए स्टेशन कर्मचारियों से बातचीत की और सुरक्षा प्रथाओं के बारे में पूछताछ की। इस दौरान डीआरएम जगदलपुर रेलवे स्टेशन में भी विभिन्न सेक्सनों का निरीक्षण किया। जहां सौरभ प्रसाद और वरिष्ठ अधिकारी स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की योजना और मूल्यांकन की जानकारी ली। सभी प्लेटफार्मों पर पेयजल सुविधाओं और यात्री सेवाओं को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। टीम ने कुशल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए रेलवे कार्यालयों की व्यवस्था की भी समीक्षा की।





#### निरीक्षण में रहा विशेष फोकस

डीआरएम का निरीक्षण में विशेष फोकस ट्रेन संचालन में सुरक्षा, स्टेशन पर सुविधाओं, प्रगति के तहत विकासात्मक गतिविधियों की जांच करने के लिए था। साथ ही जैपुर स्टेशन का निरीक्षण में यार्ड लेआउट की समीक्षा की और फ्रंटलाइन स्टेशन कर्मचारियों के साथ बातचीत की। सभी प्लेटफार्मों पर पेयजल सुविधाओं और यात्री सेवाओं को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। टीम ने कुशल परिचालन सुनिश्चित करने के लिए रेलवे कार्यालयों की व्यवस्था की भी समीक्षा की।

#### यात्री सुविधाओं पर जोर

डीआरएम ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों, सुरक्षा पहलुओं, यात्री सुविधाओं आदि का जायजा लेने के लिए कोरापुट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि निर्दिष्ट स्थानों पर सुरक्षा प्रोटोकॉल और नियमों का परिश्रमपूर्वक पालन किया जा रहा है, सुरक्षा मानकों को बढ़ाना और उचित सुविधाओं के प्रावधान द्वारा यात्रियों को सर्वोत्तम सेवाएं सुनिश्चित करना था। उक्त जानकारी वरिष्ठ प्रबंधन वाणिज्य प्रबंधक के संदीप ने दी।

## जेसीआई क्लब का शपथ ग्रहण, आकाश चांडक बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- सुमित पारेख को मिला सचिव की जिम्मेदारी

जेसीआई क्लब के 17वें शपथ ग्रहण समारोह एक होटल में आयोजित की गई। जेसीआई क्लब जिनकी संस्था पूरे विश्व में फैली हुई है एवं भारत के अनेकों शहर में उनकी संस्था संचालित होती रहती है यह संस्था वर्ल्ड, नेशनल ,लोकल ,जॉन ऑर्गनाइजेशन के रूप में चलती है। संस्था द्वारा समय-समय पर समाज के उत्थान एवं सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता प्रदान करते आ रही है। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं व्यवसायी श्याम सोमानी थे। सबसे पहले क्लब के नए अध्यक्ष को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई साथ ही इसकी गवनिंर्ग बॉडी के सदस्यों को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष आकाश चांडक ,सचिव सुमित पारेख, चैप्टर इंचार्ज विपिन मालवीय, चैप्टर गाइड राहुल पारेख ,उपाध्यक्ष अमरदीप सोढ़ी, उपाध्यक्ष ग्रोथ प्रतीक चिखलीकर, उपाध्यक्ष ट्रेनिंग मनीष ईनाणी, रवि चांडक एवं गौरव डोडिया, कोषाध्यक्ष दिलीप शुक्ला क्लब पीआरओ नितेश चौहान को बनाया गया। जेसीआई जगदलपुर में 2009 से संचालित है। क्लब द्वारा विभिन्न सामाजिक ,व्यवसायिक ट्रेनिंग ,समाज हित के लिए समय-समय पर कार्यक्रम का आयोजन करती है। शपथ ग्रहण समारोह में जेसीआई क्लब के जॉन के वाइस प्रेसिडेंट करण गुप्ता भी मौजूद थे साथ ही शहर के गणमान्य नागरिक व संस्था के सदस्य मौजूद थे।



## दोनों तरफ से पिस रहे आदिवासी कलेक्टर-एसपी से मिलेगा समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

- राज्यपाल और राष्ट्रपति से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराएंगे

सर्व आदिवासी समाज और पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक रविवार को गोंडवाना भवन में संपन्न हुई। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि जिले भर से आए पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि ग्रामीणों का शादी विवाह, हाट बाजार, मेला मंडई तक जाना मुश्किल हो गया है। यहां तक कि लोगों को घरों से बुलाकर उन्हे जंगलों से गिरफ्तार किया रहा है। जिसके शिकार स्कूल कालेज से घर लौटे छात्र भी हो रहे हैं। चुने हुए पंचायत प्रतिनिधियों को भी जवानों द्वारा परेशान किया जा रहा है। इसके साथ ही जंगल में माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों के लिए लगाए गए प्रेशर बम से ग्रामीण आदिवासियों की मौतें हो रही है जिसके चलते लोगों का वनोपज संग्रहण के लिए भी जाना दुभर हो गया है। सर्व आदिवासी समाज आगामी 1 मई को इस संबंध में जिले के कलेक्टर और एसपी से मुलाकात कर इस समस्या के बेहतर समाधान के लिए उचित पहल करने की मांग करेगा। तेलामी ने बताया कि जिले के प्रशासकीय अधिकारियों से चर्चा के बाद भी समाधान न होने की स्थिति में राज्यपाल और राष्ट्रपति से मिल कर समस्या से अवगत कराएंगे।



## नक्सली धमकी : चंदनबाहरा के मतदाताओं ने मतदान से बनाई दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- निर्राबेड़ा केंद्र में तीन गांव व 540 वोटर, चंदनबाहरा में 165 मतदाता

सिहावा विधानसभा के नक्सल प्रभावित ग्राम चंदनबाहरा के ग्रामीणों द्वारा मतदान नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है। मतदान नहीं करने का कारण कथित नक्सली धमकी को बताया जा रहा है, वहीं विकास कार्य नहीं होने के कारण चुनाव बहिष्कार की चेतावनी को भी माना जा रहा है। हालांकि मतदान दल आखिरी समय तक मतदाताओं का पोलिंग बूथ में इंतजार करते रहे।

सिहावा विधानसभा की पूर्व विधायक पिंकी शाह के गृहग्राम निर्राबेड़ा में कांकेर लोकसभा चुनाव के अंतर्गत प्राथमिक शाला भवन को मतदान केंद्र बनाया गया था। इस मतदान केंद्र में निर्राबेड़ा, घोरागांव तथा चंदनबाहरा को सम्मिलित किया गया था। निर्राबेड़ा के बूथ में कुल मतदाता 540 है। चंदनबाहरा में मतदाताओं की संख्या 165 है।

निर्राबेड़ा मतदान केंद्र में ड्यूटीरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं कोटवार के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव में मतदान पूर्व नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी देकर पर्चे फेंके थे। नक्सली दहशत के कारण चंदनबाहरा का एक भी मतदाता वोटिंग के लिए घर से नहीं निकला। वहीं निर्राबेड़ा तथा घोरागांव के ग्रामीण गांव का विकास कराने लोकतंत्र के पर्व में भाग लेने निकले। शाम 5 बजे तक इस केंद्र में 53 प्रतिशत मतदान हुआ था। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के पूर्व चंदनबाहरा के ग्रामीणों ने पुल पुलिया सड़क निर्माण की मांग को लेकर मतदान बहिष्कार करने की चेतावनी दी थी।

इस संबंध में नगर एसडीएम पवन प्रेमी ने मीडिया को बताया कि निर्राबेड़ा केंद्र में चंदनबाहरा के ग्रामीणों ने मतदान किया है।

## ब्रेक फेल होने से बीच सड़क पर खड़ा हुआ ट्रक, लगी वाहनों की कतार

- केरेगांव पुलिस ने जेसीबी की मदद से ट्रक को सड़क से किनारे किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगरी मार्ग से गुजर रहा ट्रक अचानक ब्रेक फेल हो जाने से बीच सड़क पर खड़ा हो गया। इससे आवाजाही बाधित हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार आंध्रप्रदेश का 16 पहिया वाला ट्रक एपी 39 यू 2264 शनिवार को सामान लेकर नगरी-धमतरी होते हुए रायपुर जा रहा था। नगरी मार्ग से गुजर रहे ट्रक का साफ्ट केरेगांव के पास अचानक टूट गया जिसके कारण ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। ब्रेक फेल होने जाने से अनियंत्रित हो रहे ट्रक को चालक किसी तरह रोकने में सफल हुआ, लेकिन ट्रक बीच सड़क पर खड़ा हो गया जिसके कारण नगरी की तरफ से आने वाले व धमतरी की ओर से जाने वाले वाहनें सड़क को पार नहीं कर पा रहे थे। सड़क की दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगने के कारण जाम की स्थिति बन गई थी। सूचना पर केरेगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सड़क पर लगी वाहनों की कतार को देखते हुए तत्काल जेसीबी को बुलवाया।

जेसीबी की मदद से सड़क बाधित करने वाले ट्रक को सड़क किनारे किया गया। रास्ता खुल जाने से सड़क पर खड़े वाहनें अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए।



## सर्चिंग के दौरान फुल्लोड़ जैगुर के मध्य जंगल से तीन माओवादी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान 26 अप्रैल को थाना जांगला से डीआरजी बीजापुर और थाना जांगला का बल माटवाड़ा, फुल्लोड़, जैगुर की ओर गश्त सर्चिंग पर निकली थी। अभियान के दौरान फुल्लोड़ जैगुर के मध्य जंगल से 3 संदिग्ध पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे जिन्हे पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। बोटी पोड़ियाम उर्फ कोंदा पिता हिड़मा पोड़ियाम उम्र 25 वर्ष निवासी डोडुम थाना जांगला, सोनकू पदम उर्फ बुरका पिता मासो पदम उम्र 29 वर्ष निवासी डोडुम थाना जांगला, रामनाथ कश्यप पिता मोगडू कश्यप उम्र 28 वर्ष निवासी फुल्लोड़ माझीपारा थाना जांगला पकड़े गये। माओवादियों के विरूद्ध थाना जांगला में छ.ग. विशेष जन सुरक्षा अधिनियम 2005 की सुसंगत धारा में अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही उपरांत न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया।




## चौरासीन माता का दर्शन करने पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

तोकापाल मण्डल के ग्राम घाटसरगीपाल में चौरासीन माता वार्षिक बाजार जतरा में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल दर्शन करने पहुंचे। इस गुड़ी को बनाने में विधायक ने तन-मन-धन से योगदान दिया है। जिसे क्षेत्र के लोग भूले नही है। यह गुड़ी पुर्णरूप से तैयार है। गुड़ी निर्माण में पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य रैतू राम बघेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष जीवनाथ मौर्य, सरपंच केशव बघेल, सुभाष कश्यप का सहयोग निर्माण में रहा है। जहां धुमधाम से जतरा का आयोजन किया गया। इस दौरान अजंम्बर कश्यप, समलू कश्यप, नीलू कश्यप, बुदरू मौर्य, अंतराम कश्यप, परदेशी कश्यप, बबलू नाग, सरपंच मुना कश्यप, त्रिकान्त पानीग्राही, गणपति सोम और बड़ीं संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





#### विधायक ने की मांदर में बोहरीया माता की पूजा

**जगदलपुर।** चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ग्राम पंचायत मांदर के चैत्र बाजार में पुजा पाठ कर क्षेत्र में सुख-शांति के लिए मां बोहरीया माता से आर्शिवाद लिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रैतू राम बघेल, अजजा मोर्चा जिला महामंत्री मंगतू कश्यप, ग्राम पटेल सुकराम बघेल, भाजपा जिला मंत्री बाबुल नाग, परदेशी कश्यप, नेत पटेल, फाल्गुनी पटेल, सिबो राम बघेल, करन कश्यप, दौलत बघेल, मुरली धर पटेल, कजल पटेल समेत अन्य लोग शामिल थे।

## मानव तन प्राप्त होने पर भगवान की प्राप्ति में विलंब नहीं करना : प्रज्ञानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- दुर्गा मन्दिर में शिव महापुराण का धार्मिक आयोजन

शिव महापुराण के चौथे दिन सुंदर झांकी के साथ महाराज ने जीवन को सार्थक करने के लिए प्रवचन दिया। शांति नगर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित संगीतमय शिव महापुराण के चौथे दिन मध्य प्रदेश के दमोह से पधारे पंडित जितेंद्र शिव प्रज्ञानंद महाराज अपनी मधुर वाणी से भक्त जनों को शिव भक्तों के व्यवहार कार्य और उनके जीवन पर विशेष तौर पर प्रभु की कृपा बनी रहती है, इस बात को बहुत अच्छे उदाहरण से बताया। भोले बाबा के प्रताप और उनके भोले होने का कारण भी स्पष्ट किया। शिव महिमा कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए शिव महापुराण के महत्व को बताया। मानव तन प्राप्त होने पर भगवान की प्राप्ति में विलंब नहीं करना चाहिए ऐसा ज्ञान की बातें महाराज ने बताई। अमरकंटक एवं मां नर्मदा के बारे में भी महाराज ने विस्तार से व्याख्या की। आयोजन में सुंदर झांकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक का केंद्र बना रहा। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने आ रहे हैं और लाभ प्राप्त कर रहे हैं।



Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक |
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### फूटहामुड़ा जंगल में मिली युवक की लाश

**धमतरी।** फूटहामुड़ा के जंगल में एक युवक की लहूलुहान लाश मिली है। युवक के चेहरे पर लगी चोट को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम फूटहामुड़ा से लगे जंगल में शनिवार की शाम एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। चेहरे व शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। इसे देखते हुए युवक की हत्या होने की आशंका जताई गई है। सूचना पर केरेगांव पुलिस घटनास्थल पहुंच युवक की शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। मृतक का नाम खिलेश्वर नेताम 24 वर्ष ग्राम माकरदोना थाना केरेगांव निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से शव को जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद ही युवक की मौत के कारण का खुलासा हो पाएगा। बहरहाल पुलिस जांच में जुट गई है।

### पानी निकासी के प्राकृतिक रास्ते पर बन गई कॉलोनी, बारिश में इस बार फिर डूबेगा शहर



**धमतरी।** सौ साल पहले धमतरी शहर की आबादी 10 हजार के करीब थी। इस देखते हुए तत्कालीन पालिका प्रशासन ने बारिश की पानी निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम बनाया था। अब शहर की आजादी डेढ़ लाख के करीब हो गई है लेकिन ड्रेनेज सिस्टम वहीं पुराना है। इसकी वजह से बारिश होने पर शहर जलमग्न हो जाता है। जलजमाव को उतरने में 3 से 4 घंटे का समय लगता है। गलियों, मोहल्लों व घरों में पानी भर जाता है। इसके अलावा जनसंख्या बढ़ने के साथ- साथ मकानों का भी विस्तार हुआ है। शहर के आसपास के खेत खलिहान, खाली प्लाट में हजारों नए भवन बन गए हैं। पानी निकासी के प्राकृतिक रास्तों को पाट दिया गया है, इसलिए शहर में जलजमाव की स्थिति पैदा हो जाती है। तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि यह समस्या आने वाले समय के लिए विकराल हो सकती है। समय रहते ड्रेनेज सिस्टम को सुधारना आवश्यक है।

# बड़ेधाराउर पहुंचा बिजली अमला और गैंग, सुबह से देर रात तक चला काम

### चक्काजाम का अल्टीमेटम का दिखा असर, काम में ग्रामीणों का मिला सहयोग

### तुफान से तहस नहस के सातवें दिन पहुंचे विधायक, गर्मी के बीच कराया काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पिछले 22 अप्रैल को लोहण्डीगुड़ा ब्लाक में 20 मिनट की आंधी तुफान ने हफ्ते भर से कई गांव के लोगों को हलाकान कर रखा है। बिजली विभाग के कर्मचारी दिन रात मेहनत कर खंबों को गाड़ने और टूटे तारों को लगाने के काम में लगे हुए हैं। जिसके कारण 20 से अधिक गांव में छाया अंधेरा अब धीरे-धीरे पटरी पर आने लगा है। 4-5 गांव अभी भी अंधेरे में है। सबसे पहले लोहण्डीगुड़ा ब्लाक मुख्यालय उसरीबेड़ा में बिजली बहाल की गई। लेकिन उसी के समीप के बड़ेधाराउर में 6 दिन से बिजली नहीं होने से परेशान लोगों ने बिजली विभाग को अल्टीमेटम देकर चक्काजाम की चेतावनी दी थी जिसका असर आज रविवार को दिखाई पड़ा जब वाहनों में खंबे और बिजली के सामान लेकर सरकारी अमला गैंग के साथ पहुंचा। इसे देखकर ग्रामीणों में उत्साह जगा और वे चक्काजाम की जगह बिजली सुधारने के काम में सहयोग देने लगे। इस बीच सप्ताहभर से बिजली गुल होने के बाद विधायक के प्रति लोगों का गुस्सा शांत करने के लिए स्वयं विधायक विनायक गोयल लोहण्डीगुड़ा पहुंच गए। जहां वे तेज गर्मी के बीच बड़ेधाराउर बाजार पारा में घंटों डटे रहे। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारी राकेश जगत से आंधी तुफान से क्षतिग्रस्त हुए खंबे और ट्रांसफार्मर के बारे में पूरी जानकारी ली और किन-किन गांव में अभी भी लोग परेशान हैं उस पर तेजी लाने को कहा। भाजपा नेता नरेश खापर्डे और अन्य समर्थकों के साथ विधायक गर्मी में डटे रहे। विधायक को देखकर लोगों की नाराजगी कम हुई और लोगों ने 6 दिन से जो परेशानी हुई उसे एक-एक कर गिनाना शुरू कर दिया। जुनियर इंजीनियर राकेश जगत ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि कल ही मैंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि सुबह से बड़ेधाराउर में बिजली सुधारने का काम शुरू कर दिया जाएगा और देर रात तक बिजली बहाल कर दी जाएगी। इसी के साथ सामान और मजदूरों को लेकर काम दिनभर चला। गर्मी और भूख-प्यास की परवाह किए बिना लोगों ने काम में पसीना बहाया।



### बिजली विभाग के उड़े छत में लगाए गए शीट

आंधी तुफान से न केवल लोगों के घर के छत उड़े बल्कि बिजली विभाग खुद भी शिकार बना। छत में पेड़ गिरने और तेज तुफान के कारण बिजली विभाग का दफ्तर क्षतिग्रस्त हो गया था। रविवार को दफ्तर के टूटे फूटे शीट को हटाकर नए शीट लगाए गए।

### नए पोल लगने से ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि से चर्चा में रहवासी विजय गुप्ता, गुनु सिंह ठाकुर, नरेश खापर्डे समेत अन्य लोगों ने कहा कि 6 दिन से बिजली नहीं होने से दिन-रात परेशानी में गुजर रही थी। विशेषकर बुजुर्ग और बीमार लोगों को काफी परेशानी हुई। मोबाईल भी चार्ज नहीं हो रहा था जिसके लिए उसरीबेड़ा जाकर होटलों और बीजेपी कार्यालय में मोबाईल चार्ज लोगों ने कराया। टेलीविजन और फ्रीज बंद होने से न मनोरंजन हो रहा था और न ही ठंडा पानी मिल रहा था। आज बिजली विभाग और विधायक के पहुंचने से काम दुगुने रफ्तार से हुई। जिससे लोगों को राहत मिली।

### ऐसा नुकसान पहले कभी नहीं हुआ

ग्रामवासियों ने बताया कि 20 मिनट के आंधी तुफान से लगभग दो दर्जन गांव का जन-जीवन पूरी तरह से तहस नहस हो गया। लोगों ने कहा कि छत उड़ते रहे और पेड़ और बिजली के खंबे गिरते रहे। कुछ मिनटों में ही सभी तरफ केवल अंधेरा ही अंधेरा था। मुख्य सड़कों में बिजली के तार टूटने और पेड़ गिरने से लोगों में करंट होने का डर बना था इसलिए लोग घर में ही दुबके हुए थे। ऐसा नुकसान और ऐसा तुफान पहली बार ग्रामवासियों ने महसूस किया।





### बचे गांव में कल करेंगे काम

अधिकांश बड़े गांव में बिजली बहाल हो गई है दूर के कुछ गांव बचे हैं वहां भी कल सामान के साथ गैंग पहुंचेगा और बिजली बहाल करने काम किया जाएगा, ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है।

**राकेश जगत,**
जुनियर इंजीनियर बिजली विभाग

# धूप संग बदली, लोग उमस भरी गर्मी से हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

विगत दो तीन दिनों से नकुलनार में धूप संग बदली छाई हुई है। उमस भरी गर्मी के कारण लोग हलाकान

- भीषण गर्मी में पंखे कूलर से भी राहत नहीं

है। भीषण गर्मी में लोग पसीने से तर बतर हो रहें है। पंखें व कूलर की हवा भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं दे पा रही है। भीषण गर्मी के चलते पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया है।

वहीं कुछ दिन पूर्व हुए बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली थी। लेकिन इसके पश्चात फिर से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हो गए। सुबह से ही उमस ने लोगों को परेशान कर रखा है। आसमान में बार-बार काले बादल आते-जाते रहे, एक-दो बार बूंदा-बांदी के हालात भी बने, लेकिन बारिश नहीं हुई। इसके बाद मौसम लगातार रुख बदलता रहा। दोपहर में उमस के कारण आम से लेकर खास तक हलाकान दिखे। शाम ढलने के बाद कई बार छिटपुट बूंदा-बांदी के आसार बने पर गर्मी से राहत नहीं मिली। लोग आसमान की ओर टकटकी लगाए रहे ताकि बारिश हो तो, गर्मी से थोड़ी राहत मिल सके।



### सेंट्रल बैंक में पेंशनर मीट में होगा समस्या का निराकरण

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं उप प्रांताध्यक्ष केके द्विवेदी ने जारी बयान में कहा कि शनिवार को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जगदलपुर शाखा में ग्राहक सम्मेलन क्षेत्रीय प्रमुख शैलेश वर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसमें 15-20 प्रतिष्ठित व्यापारी बैंक के ग्राहक को आमंत्रित किया गया था। जहां पेंशनरों की समस्याओं को रखा गया। पेंशनर मीट बुलाने को कहा गया। बताया गया कि सेंट्रल बैंक के पेंशनरों का 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता आज तक नहीं जोड़ा गया है। जबकि सारे बैंक जोड़कर भुगतान कर चुके हैं। स्टाफ की कमी होने के कारण पेंशनरों की पासबुक की प्रविष्टि नहीं हो पा रही हैं। 80 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त मंहगाई भत्ता को स्टेट बैंक की तरह स्वमेव जुड़ जाना चाहिए। समस्याओं को सुनकर क्षेत्रिय प्रमुख ने तुरंत निराकरण करने और पेंशनर मीट बुलाने का आश्वासन दिया। व्यापारी वर्ग ने भी मांगों का समर्थन किया।

# सोशल मीडिया का दुरूपयोग करने वाले पर हो कार्यवाही : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी दंतेवाड़ा को आवेदन सौंप सोशल मीडिया पर भाजपा शासन व मंत्री के खिलाफ अपमानजनक शब्दों

- भाजपा पदाधिकारियों ने पुलिस को आवेदन सौंप कार्यवाही की मांग की

का प्रयोग करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

भाजपा के जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, पूर्व उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष कुणाल सिंह ठाकुर एवं साजन सिंह गौतम ने पुलिस को सौंपे आवेदन के माध्यम से अवगत कराया कि केशव पटेल उर्फ सोनू पटेल द्वारा अपराधपूर्वक अश्लील शब्दों व कथनों को सोशल साईट फेसबुक में प्रसारित करने, निवास स्थान के आधार पर फेसबुक में टिप्पणी कर बायंग ग्राम के निवासियों के प्रति घृणा, आक्रोश व शत्रुता उत्पन्न कर सौहाद्र व शांति को भंग करने एवं धार्मिकता के आधार पर शत्रुता उत्पन्न करने तथा विधि द्वारा स्थापित सरकार के मंत्री के प्रति घृणा, वैमनस्यता पैदा कर जन समूह को उनके व सरकार के प्रति आंदोलित करने के आशय से मिथ्या, अपमानकारी, क्षोभकारी व संतापकारी व अश्लील लेख प्रकाशित व प्रसारित करने का अपराध किया है तथा निरंतर किया जा रहा है। उक्त व्यक्ति के विरूद्ध अपराध दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की मांग भाजपाईयों ने पुलिस प्रशासन से की है।



# शासकीय हाई स्कूल कुड़कानार में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

विकासखंड बस्तर के शासकीय हाई स्कूल कुड़कानार में स्थानीय परीक्षा कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा परिणाम गत दिवस घोषित किए गए। इस अवसर पर समस्त विद्यार्थी एवं पालकगण तथा स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा में कक्षा नौवीं में 46 बच्चे परीक्षा में प्रविष्ट हुए। जिसमें 7 बच्चे प्रथम स्थान पर, 16 बच्चे द्वितीय स्थान पर तथा 18 बच्चे तृतीय स्थान पर रहे। 3 छात्र पूरक तथा 2 छात्र अनुत्तीर्ण हुए। इस प्रकार शाला का वार्षिक परीक्षाफल 89 प्रतिशत रहा। कक्षा नौवीं से दशमी बघेल ने 78.33 अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीप्ति कश्यप कक्षा में 76.16 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान एवं चांदनी कश्यप 75.16 प्रतिशत लाकर कक्षा में तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में अर्जुन कश्यप 69.16 प्रतिशत लाकर प्रथम तथा कक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किये। सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य सईदा खान ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।



### अनुत्तीर्ण विद्यार्थी पुनः प्रयास कर सफल होवे

प्राचार्य सईदा खान ने सफल एवं उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और असफल अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुनः प्रयास कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुकरी मौर्य, माधवी राठौर, हेमलता नेताम, दीपा मांझी, प्रणिता सोने, कुसुम पांडे, अर्चना देवांगन, संपत सिंह ठाकुर तथा संकुल से शिक्षक बोहरन लाल सूर्यवंशी, निलेश साहू, दीपिका साहू एवं शिल्पा सर्वा उपस्थित थे।

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
•सिर दर्द (माईग्रेन)
•मिर्गी •लकवा
•ब्रेन ट्यूमर
•ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

### तेज गर्मी से मवेशियों को भी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर से ग्रामीण इलाकों तक भीषण गर्मी से लोग हलाकान है। 40 से 41 डिग्री सेल्सियस तापमान के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। शहर के समीप स्थिति हाटगुड़ा में एक पशुपालक के घर में 10 से 15 गाये रात के समय एक साथ गोठान में नहीं सो-पा रहे थे। कारण पूछने पर पशुपालक ने कहा इस साल अधिक गर्मी पड़ रही है। गायों को एक साथ गोठान में रखना जरूर था पर वे बेचैनी में हैं। उन्हें गोठान से निकल कर छोड़ दिया था इसलिए वे बाउंड्रीवाल के अंदर में ही एक दूसरे से दुरी बनाकर सो रहे है। अक्सर गर्मी के दिनों में गायों को इसी तरह खुला छोड़ दिया जाता है।







Bodhni Devi Pharmacy Diploma College
(Run By Bodhni Devi Educational Society)
Post Box No.-10, Village-Hajariguda, Pandripani, Post & Tehsil-Jagdalpur, Dist Bastar (C.G.)
Ref. No. BDPDC/JDP/3524 REQUIREMENTS Date: 25/04/2024
Application are Invited for the post notified below

| | | |
|---|---|---|
| TEACHING | Principal/Professor | 01 |
| | Associate Professor | 01 |
| | Assistant Professor/ Lecturer | 08 |
| NON TEACHING | Admission Officer-01, Librarian-01, Sports Officer-01, Lab Technician-06, Store Keeper-01, Peon-01, Driver-02 Computer Operator-02 | |

- Qualification, Experience & Salary as per CSVTU/University Norms/UGC/PCI/AICTE Norms.
- Interested Candidates can mail their Resume alongwith with relevant documents to infobodhnidevipharmacycollege@gmail.com / bdpc.jdp2019@yahoo.com Within 10 Days.

Contact Number:- 7470781084 Secretary